फॉर्म भरने के लिए निर्देश

1.	पद	पद का चयन करें जिसके लिए आवेदन करना है।
2.	नामः	नाम प्रविष्ट करें (10 वीं कक्षा/हाई स्कूल प्रमाणपत्र के अनुसार)।
3.	पिता का नामः	पिता का नाम प्रविष्ट करें (10 वीं कक्षा/हाई स्कूल प्रमाणपत्र के अनुसार)।
4.	पताः	पिन कोड सहित पत्राचार के लिए पूरा वर्तमान पता प्रविष्ट करें।
5.	अभ्यर्थी की जन्म तारीखः	केवल दि.दि./म.म./व.व.व.व. फॉर्मेट में जन्म तारीख प्रविष्ट करें (10 वीं कक्षा/हाई स्कूल प्रमाणपत्र के अनुसार) उदाहरण के लिए: यदि अभ्यर्थी की जन्म तारीख 13 अगस्त, 1993 है, तो 13/08/1993 भरें।
6.	संपर्क सूत्रः	यदि कोई लैंडलाइन फोन नंबर है तो संबंधित एसटीडी/आईएसडी कोड के साथ प्रविष्ट करें (केवल संख्याएं प्रविष्ट करें जैसे कि 01123042421)।
7.	मोबाइल नम्बरः	10 अंकीय मोबाइल नंबर को सही तरीके से प्रविष्ट करें (पूर्व में बिना जीरो लगाए)। (10 -15 अंक प्रविष्ट करने के लिए विकल्प प्रदान किया गया है)
8.	ई-मेल आईडी	सही और वैध ई-मेल आईडी प्रविष्ट करें।
9.	शैक्षिक अर्हताएं:	-माध्यमिकः विषय, बोर्ड/विश्वविद्यालय, पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का वर्ष, पाठ्यक्रम पूर्ण करने का वर्ष, प्रतिशत/सीजीपीए/ग्रेड प्रविष्ट करें। -उच्चतर माध्यमिकः विषय, बोर्ड/विश्वविद्यालय, पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का वर्ष, पाठ्यक्रम पूर्ण करने का वर्ष, प्रतिशत/सीजीपीए/ग्रेड प्रविष्ट करें। -स्नातकः विषय, बोर्ड/विश्वविद्यालय, पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का वर्ष, पाठ्यक्रम पूर्ण करने का वर्ष, प्रतिशत/सीजीपीए/ग्रेड प्रविष्ट करें। -स्नातकोत्तरः स्नातकोत्तर डिग्री, विषय, बोर्ड/विश्वविद्यालय, पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का वर्ष, पाठ्यक्रम पूर्ण करने का वर्ष, प्रतिशत/सीजीपीए/ग्रेड प्रविष्ट करें। --अतिरिक्त शैक्षिक अर्हताओं के लिएः अतिरिक्त शैक्षिक अर्हताओं के विकल्प का चयन करें। पाठ्यक्रम के सामने विषय तथा अन्य संगत विवरण का भी उल्लेख करें।

10. अनुभवः

अनुभव के क्षेत्र, नियोक्ता, कार्य का संक्षिप्त विवरण, अनुभव की अवधि का उल्लेख करें। कार्य अनुभव

दस्तावेज़/प्रमाण पत्र के अनुसार **अनुभव की सही अवधि** का उल्लेख करें।

11. वर्तमान नियोक्ता का नाम और पताः

12. वर्तमान में प्रति माह वेतनः वर्तमान प्रति माह वेतन प्रविष्ट करें।

13. टिप्पणियां: टिप्पणियां प्रविष्ट करें, यदि कोई हो।

14. विस्तृत जीवन वृत्तः पीडीएफ फॉर्मेट में नवीनतम जीवन वृत्त अपलोड करें।

15. फोटोः जेपीजी फॉर्मेट में नवीनतम फोटो अपलोड करें।

16. हस्ताक्षरः जेपीजी फॉर्मेट में नवीनतम हस्ताक्षर अपलोड करें।

<u>नोटः</u>

1. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि को परामर्शदाता के लिए आवेदन करते समय सभी पात्रता शर्तों को पूरा कर रहे हैं। वे नीति आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए विज्ञापन का संदर्भ ले सकते हैं।
2. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि अपने हित में वे सभी प्रविष्टियां भरें। संबंधित पद के संबंध में न्यूनतम शैक्षिक योग्यता से संबंधित डेटा को अनिवार्य रूप से भरना चाहिए । **अनुभव से संबंधित डेटा (विशेष रूप से अनुभव की अवधि) का उल्लेख सही तरीके से किया जाना चाहिए जैसा कि अभ्यर्थियों के पास उपलब्ध दस्तावेजों में दर्शाया गया है। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन में प्रविष्ट किए जा रहे अनुभव में कोई अतिव्याप्ति न हो।**
3. आवेदन नीति आयोग की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। <u>ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25-06-2018 (24.00 Hrs) है ।</u>
4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपने सक्रिय और वैध ई-मेल आईडी को इंगित करें और नियमित अंतराल पर अपने ई-मेल की जांच करते रहें।
5. यदि कोई अभ्यर्थी तकनीकी कारणों या किसी अन्य कारणों, जो नीति आयोग के नियंत्रण से परे हों, की वजह से अपना आवेदन जमा नहीं कर पा रहा है तो इस संबंध में नीति आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
6. अभ्यर्थियों को दृढ़ता से सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन करने की आखिरी तारीख का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन करें।
7. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट या किसी अन्य सहायक दस्तावेज़ को भेजने की आवश्यकता नहीं है।
8. अभ्यर्थी आवेदनों के बाधारहित प्रस्तुतीकरण के लिए निम्नलिखित बिंदुओं का पालन सुनिश्चित करें:

क) कृपया संबंधित दिनांक कॉलम (उदाहरण के लिए जन्म तिथि, कार्य अनुभव की अवधि आदि) के लिए ऑनलाइन आवेदन में दर्शाए गए सिस्टम कैलेंडर का उपयोग करें।

ख) कृपया अनुभव आरोही कालक्रम में प्रविष्ट करें।

ग) शैक्षिक अर्हताओं के लिए वर्तमान तिथि के बाद की तिथि का चयन न करें। अत: अंतिम तिथि, वर्तमान तिथि के बाद की नहीं होनी चाहिए।

घ) अनुभव के लिए वर्तमान तिथि के बाद की तिथि का चयन न करें। अत: अंतिम तिथि, वर्तमान तिथि के बाद की नहीं होनी चाहिए।

ङ) अभ्यर्थी केवल पूरी की जा चुकी अर्हताएं प्रविष्ट करें न कि वर्तमान में प्राप्त की जा रही अर्हताएं।

च) प्रविष्टियां विज्ञापन में यथा-निर्धारित पात्रता अपेक्षाओं के अनुसार होनी चाहिए।

9. वेब संबंधित मुद्दों पर किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में कृपया nic-niti@gov.in पर संपर्क करें। **प्रश्नों का स्पष्टीकरण ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख तक 05.00 बजे तक किया जाएगा।**

10. वेब संबंधित मुद्दों के अलावा किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, कृपया recruitment-niti@gov.in. पर संपर्क करें। **प्रश्नों का स्पष्टीकरण ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख तक 05.00 बजे तक किया जाएगा।**